# प्रमंडलीय आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के आदेश संख्या- 3546 दिनांक 23.09.2022 एवं 3585 दिनांक 24.09.2022 द्वारा निम्न पदाधिकारी/कर्मी को आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया में प्रतिनियुक्त के पश्चात् निर्वाचन शाखा (कोषांग) का कार्य आवंटित किया गया है।

2. उक्त कार्यालय आदेश के आलोक में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मियों के बीच निम्न प्रकार कार्य आवंटित किया जाता है :-

| क्र0 सं0 | पदाधिकारी/कर्मी का नाम/पदनाम<br>मूल पदस्थापन का कार्यालय | आयुक्त कार्यालय पूर्णिया में योगदान की तिथि | आवंटित कार्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री निखिल कुमार सिंह,<br>अवर निर्वाचन पदाधिकारी,<br>अनुमंडल कार्यालय, बायसी। | 20.09.2022 | बिहार विधान परिषद् के कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक सूची की तैयारी/निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित सभी कार्यो का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण। |
| 2 | श्री राजीव कुमार मिश्र<br>लिपिक,<br>जिला अभिलेखागार, पूर्णिया। | 21.09.2022 | श्री गोपाल कुमार गोपी, सहायक के साथ संबद्ध किया जाता है। |
| 3 | श्री शमसीर खान<br>कार्यपालक सहायक,<br>भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता कार्यालय, धमदाहा। | 21.09.2022 | निर्वाचन से संबंधी सभी प्रकार का कम्प्यूटर पर टंकण कार्य/ आवश्यकतानुसार पत्रों को ई-मेल से प्रेषण संबंधी कार्य। |
| 4 | श्री नागमणि कुमार सुमन,<br>कार्यालय परिचारी,<br>अनुमंडल कार्यालय, किशनगंज। | 23.09.2022 | कार्यालय परिचारी के रूप में निर्वाचन शाखा से संबंधित सभी कार्य। |

3. श्री राजीव कुमार मिश्र, प्रतिनियुक्त लिपिक श्री गोपाल कुमार गोपी, सहायक को आवंटित सभी प्रकार के चुनाव एवं निर्वाचन संबंधी कार्यो में सहयोग प्रदान करेंगे।
4. श्री निखिल कुमार सिंह, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, समय-समय पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया द्वारा दिए गए आदेश/निदेश का अनुपालन करेंगे।
5. प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी (निर्वाचन) एवं अन्य वरीय पदाधिकारी द्वारा समय-समय पर दिए गए आदेश/निदेश का अनुपालन सभी कर्मी करेंगे।
6. श्री गोपाल कुमार गोपी, सहायक की अनुपस्थिति में श्री राजीव कुमार मिश्र, प्रतिनियुक्त लिपिक उनके पटल का सभी कार्य करेंगे।
7. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
8. इस आदेश में आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया का अनुमोदन प्राप्त है।

6/10/22

आयुक्त के सचिव
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

G://Election Office Order

ज्ञापांक 3726 /दिनांक 06/10/22

प्रतिलिपि :- सभी संबंधित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि :- उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि :- सभी प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी/आयुक्त के आशुलिपिक/ सभी सहायक/ लिपिक/प्रतिनियुक्त लिपिक, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

प्रतिलिपि :- आई0टी0 प्रबंधक, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6/10/22

आयुक्त के सचिव
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया ।